श्याम सरकार | By Kanika Grover

श्याम सरकार के दर से कोई खाली ना जाएगा.....4
भरोसा रख दयालु पे तेरी बिगड़ी बनाएगा
श्याम सरकार के दर से ....

थमाया हाथ जब उसको तो फिर क्या बात डरने की
निभाया आज तक जिसने वो आगे भी निभाएगा
श्याम सरकार के दर से ....

अपने बच्चो को वो चिंता है करता खुद से भी ज़्यादा
वो जब देगा गज़ब देगा तू हर गम भूल जायेगा
श्याम सरकार के दर से ....

तुझे माधव से बढ़कर के सहारा कोई क्या देगा
जिताने के लिए तुझको वो सब कुछ हार जाएगा
श्याम सरकार के दर से ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-kanika-grover/